who has since assured that the Government instruction will be adhered to strictly in future.

अभ्रक की तस्करी

7616. श्री फूलचन्द वर्मा :
डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोडरमा और गिरडीह के क्षेत्र मे इन दिनो मे अभ्रक की तस्करी पुन शुरु हो गई है; और

(ख) यदि हा, तो अभ्रक की तस्करी को रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०आर० गणेश) : (क) तथा (ख). भारत सरकार को जो समाचार प्राप्त हो रहे है उनसे यह पता चलता है कि भारत मे कोडरमा और गिरिडीह के क्षेत्र से नेपाल को अभ्रक का तस्कर-निर्यात कम हो गया है। फिर भी भारत से नेपाल को अभ्रक तथा अन्य वस्तुओ के तस्कर-निर्यात को रोकने के लिये भारत सरकार ने निम्नलिखित उपाय किये है :

(i) कोडरमा और गिरडीह के क्षेत्रो से नेपाल को अभ्रक के तस्कर निर्यात के बारे मे गुप्त सूचना एकत्र करने और उसे प्रेषित करने के लिए पिछले लगभग दो वर्षों से उक्त स्थानो पर कुछ कर्मचारी तैनात किए गए है।

(ii) भारत से नेपाल और नेपाल से भारत मे माल के तस्कर आयात-निर्यात को रोकने के लिए भारत नेपाल सीमा पर बहुत सी चलती फिरती निवारक टोलिया तैनात की गई हैं।

(iii) कर्मचारियों को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने के लिए कई जीपो की व्यवस्था की गई है।

(iv) निवारक टोलियों के कर्मचारियों की सख्या बढ़ा दी गई है।

(v) नेपाल को माल का तस्कर-निर्यात रोकने की दृष्टि से भारत नेपाल सीमा पर राज्य सरकार के अधिकारियों से निकट सम्पर्क रखा जा रहा है।

(vi) इस सबध मे नेपाल के महामहिम की सरकार से भी कई बार सहयोग के लिये अनुरोध किया गया है। नेपाल सरकार ने सूचित किया है कि उसने पिछले एक वर्ष से नेपाल मे अभ्रक के निर्यात के लिए नए लाइसेन्स जारी करना बन्द कर दिया है। उसने उपहार-पार्सलो के जरिये नेपाल मे अभ्रक का निर्यात किये जाने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया है।

भारत में युद्ध बन्दियों के शिविरों मे दर्शक

7617 श्री महादीपक सिंह शाक्य : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या कुछ व्यक्तियों को भारत पाकिस्तानी युद्ध बन्दियो के पास आने जाने की अनुमति है,

(ख) क्या उन व्यक्तियो द्वारा युद्ध बन्दियो को शिविरो से भागने के लिए अपेक्षित उपकरण दिये जाते है, और

(ग) यदि हाँ, तो इस बारे मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है।

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) (क) केवल सरकारी ड्यूटी पर या आधिकारिक रूप से अनुमोदित नियत कार्यों के लिए भारत मे पाकिस्तानी युद्ध बन्दियो से मिलने के लिए अनुमति है।

(ख) तथा (ग). प्रश्न नहीं उठते।